Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:09 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:41 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 221 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 25 फरवरी 2026

नैनीताल में विक्रांत मैसी और...पेज-3 पर

# विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल का सबसे बड़ा प्रशिक्षण अभियानः भट्ट

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखण्ड द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत संभाग वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे कुमाऊं संभाग के 08 सांगठनिक जिलो से 200 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला का उदघाटन प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट द्वारा दीप प्रज्वलन व सामूहिक वन्देमातरम् गान के साथ किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी द्वारा विश्व का सबसे बड़े प्रशिक्षण



कार्यक्रम प्रारम्भ होने जा रहा है जिसमे की 07 चरणों में अलग-अलग समूह, पदाधिकारियो, जनप्रतिनिधियों व अन्य जनो को भाजपा की रीति नीति के तहत प्रशिक्षित किया जाएगा। पार्टी में नित नये कार्यकर्ता जुड़ते जा रहे है और जिनको समय के साथ आचरण, अनुशासन व समयबद्धता का भाव जागृत करने हेतु ऐसे प्रशिक्षण अभियानों की अहम जरूरत होती है। श्री भट्ट ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान से ही एक अच्छे कार्यकर्ता का निर्माण होता है। उत्तराखण्ड में आगामी 2027 में विधानसभा चुनाव होने के कारण भाजपा उत्तराखण्ड को इस प्रशिक्षण अभियान से सर्वोत्तम लाभ प्राप्त होगा।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि आगामी 07 मार्च से 14 अप्रैल तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश के 19 सागठनिक जिलो के समस्त 304 मण्डलों में मण्डल प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जाएगे जिसके तहत इन मण्डलो में जाने वाले जिला वक्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज हल्द्वानी में सम्पन्न किया जा रहा है। प्रशिक्षण अभियान में इन 07 विषयो वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास एवं विकास, कार्यविस्तार की दृष्टि, कार्य पद्धति, सरकार की उपलब्धियाँ एवं क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, ए0आई0, नमो एवं सरल एप, बूथ प्रबन्धक एवं मन की बात पर जिला वक्ताओं द्वारा मण्डल प्रशिक्षण में मण्डल स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक कुंदन परिहार ने कुमाऊँ संभाग के आठो जिलो से आए प्रतिभागियो का स्वागत करते हुए सभी से पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण अभियान में जुड़ने का आवाहन किया। कार्यशाला का संचालन अभियान के प्रदेश सह-संयोजक प्रदीप बिष्ट व प्रदेश महामंत्री तरूण बंसल ने किया। कार्यशाला का समापन राष्ट्रीय गान के साथ प्रदेश महामंत्री श्रीमती दीप्ति रावत ने किया। कार्यशाला में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बंशीधर भगत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बिशन सिंह चुफाल, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विधायक शिव अरोड़ा, विधायक फकीर राम टम्टा, विधायक सुरेश गडिया, विधायक मोहन सिंह मेहरा, विधायक पार्वती दास, विधायक महेश जीना, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, मेयर विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेशउपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, कौस्तुभानंद जोशी, विकास भगत, प्रदीप जनौटी, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, विनीत अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### हाईकोर्ट ने दी राज्य सरकार को 4 हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अल्मोड़ा जिले के देघाट क्षेत्र में रुचियाखाल से बनसारी गांव तक सड़क बनाने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से चार हफ्ते के भीतर जबाव दाखिल करने को कहा है ।

याचिका की सुनवाई मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई । याचिकाकर्ता राजेन्द्र नेगी जो कि टोरेंटो (कनाडा) में कार्यरत है ने याचिका में कहा है कि उनका गांव सड़क मार्ग से काफी दूर है । ग्रामीणों ने पूर्व में रुचियाखाल (घाटी)से बनसारी तक जेसीबी लगाकर सड़क बनाई लेकिन वह बारिश में बह गई इसलिये इस सड़क का निर्माण कराने के निर्देश सरकार को दिए जाएं ।

### हाईकोर्ट परिसर में पुलिस व बीडीएस ने की चेकिंग


**नैनीताल ।** बीते दिनों हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद से पुलिस चौकन्नी है। मंगलवार को भी पुलिस और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) की टीम ने हाईकोर्ट परिसर में चेकिंग की। बीते बीरवार को हाईकोर्ट को ईमेल में बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने हाईकोर्ट ने एटीएस तैनात कर परिसर की चेकिंग की। लेकिन चेकिंग में कोई बम या संवेदनशील वस्तु नहीं मिली। लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से तब से हाईकोर्ट में पुलिस बल तैनात किया गया है। मंगलवार को भी एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर हाईकोर्ट परिसर में पुलिस व बीडीएस की टीम ने चेकिंग की। एसएसपी ने बताया कि परिसर में आवागमन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर पैनी नजर रखी जा रही है।

**19 से 31 मार्च के बीच शिविर लगाकर पात्रों को तलाशेंगे**

# बनभूलपुरा सरकार की जमीन है, कब्जा हटाएं: कोर्ट

**नई दिल्ली**
एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा इलाके में लंबे समय से रह रहे हजारों परिवारों को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने रेलवे विस्तार और विकास परियोजनाओं के मद्देनजर सार्वजनिक भूमि पर बसे लोगों को जगह खाली करने का आदेश दिया है।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठे ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध रूप से घर बनाकर रह रहे लोग उसी जगह पर रहने की मांग नहीं कर सकते। कोर्ट ने यहा भी कहा कि रेलवे की जमीन पर बसे लोगों को सरकार की पुनर्वास नीति की तहत वहां जाना होगा, जहां उनको जगह या घर मुहैया कराया जाएगा। सुनवाई के दौरान सरकार व रेलवे की ओर से पेश असिस्टेंट सालिसिटर जनरल एश्वर्या भाटी ने कहा कि बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण की जद में आई भूमि का एक हिस्सा राज्य का है जिसे रेलवे को दिया जाएगा। कोर्ट ने जिला प्रशासन से कहा कि 19 से 31 मार्च के बीच बनभूलपुरा में शिविर लगाकर पात्रों को तलाशा जाए। कोर्ट ने राज्य की तरफ से अधिवक्ताओं के तर्क को सुना। इसके साथ ही याचिका डालने वाले अधिवक्ताओं को भी सुना। राज्य की तरफ से पुनर्वास की बात कही गई और प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया।

राज्य सरकार ने अपना हलफनामा भी पेश किया। पुनर्वास, मुआवजा और भूमि स्वामित्व को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस भी हुई। रेलवे और राज्य सरकार की तरफ से बताया गया कि कुल 13 ऐसे मामले हैं जिनमें भूमि फ्रीहोल्ड श्रेणी की है। मुआवजा का प्रस्ताव रखा गया है। जिन लोगों को रेलवे भूमि से हटाया गया है, उनके लिए राज्य सरकार द्वारा वैकल्पिक आवासीय व्यवस्था दे सकती है। इसका भी प्रस्ताव है। रेलवे ने अनुरोध किया कि हटाए गए लोगों के पुर्नस्थापन की मांग वाली याचिका को खारिज किया जाए। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि प्रभावित होने वालों की कुल संख्या 50 हजार है। कम ही लोग प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में हैं।

# इस्त्राइल रवाना होने से पहले बोले पीएम मोदी, दोनों देशों के बीच मजबूत और रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली**
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25-26 फरवरी को इस्राइल दौरे पर रहेंगे, जहां वे पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इस दौरान वे केनेसट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री भी बनेंगे और भारतीय प्रवासियों से संवाद करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 से 26 फरवरी तक इस्राइल के दौरे पर रहेंगे। प्रस्थान से पहले जारी बयान में उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके प्रिय मित्र और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इस्राइल के बीच मजबूत और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी है, जिसने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय विस्तार और गतिशीलता दिखाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ होने वाली उनकी वार्ता से दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस दौरे के दौरान उन्हें इस्राइल की संसद केनेसट को संबोधित करने का सम्मान मिलेगा, जो दोनों देशों के मजबूत लोकतांत्रिक संबंधों का प्रतीक होगा। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। अपने कार्यक्रम में पीएम मोदी भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी लंबे समय से भारत-इस्राइल मित्रता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि उनका यह दौरा दोनों देशों के संबंधों को और सुदृढ़ करेगा तथा रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगा।



# नियुक्ति के मामले में सरकार स्पष्ट करे स्थितिः नेता प्रतिपक्ष आर्य

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विधान सभा सत्र के दौरान मैंने एमडी पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) के शीर्ष पद पर की गई नियुक्ति को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए थे। उस समय सरकार का स्पष्ट जवाब था कि नियुक्ति नियम सममत ढंग से की गई है।

आर्य के मुताबिक लेकिन अब न्यायालय के निर्णय के पश्चात सरकार का मौन रहना कई शंकाओं को जन्म देता है। यदि सब कुछ नियमों के अनुरूप था तो फिर न्यायालय को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ाड़ और यदि न्यायालय ने नियुक्ति पर प्रश्न खड़े



किए हैं तो सरकार को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कहा कि लोकतंत्र में जवाबदेही सर्वोपरि होती है। सरकार का दायित्व है कि वह इस विषय पर स्पष्ट और तथ्यात्मक उत्तर दे। मौन धारण कर लेने से प्रश्न समाप्त नहीं होते बल्कि और गहरे हो जाते हैं। प्रदेशहित में सरकार को सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और यदि कोई अनियमितता हुई है तो निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

# पत्नी और तीन बच्चों को धारदार हथियार से उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में एक बेहद ही खौफनाक वारदात सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया है। चंदन पार्क में एक महिला और उसके तीन मासूम बच्चों की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई है।

ि दल्ली के समयपुर बादली के चंदन पार्क इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और तीन बच्चों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार,



यह वीभत्स घटना दिल्ली के चंदन पार्क इलाके में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी पति ने किसी धारदार हथियार का इस्तेमाल कर अपने ही परिवार के सदस्यों की जान ले ली। मौके पर पहुंची पुलिस को घर के अंदर का दृश्य देखकर स्तब्ध रह गई। महिला और उसके तीन बच्चों के शव खून से लथपथ पड़े थे। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि सभी की गला रेतकर हत्या की गई है। हत्याओं के पीछे के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है और पुलिस इस दिशा में गहन जांच कर रही है।

**सनसनी**

- घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर सबूत जुटाए जा रहे हैं। फरार आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी पति के बारे में कोई सुराग मिल सके। पुलिस का कहना है कि आरोपी पति को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# समस्याओं का गांव में ही समाधान मेरा प्रयास:ब्लॉक प्रमुख

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




भीमताल विकास खंड के बलाक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने मंगलवार को ग्राम पंचायत जंतवाल गांव में आयोजित खुली बैठक में प्रतिभाग किया,इससे पूर्व उन्होंने गांव में ही निर्माणाधीन विकास योजनाओं का निरीक्षण भी किया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान हेमा जंतवाल ने की।

बैठक में बलाक प्रमुख डा.बिष्ट ने कहा कि अधिक से अधिक जन समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण हो जाए यह उनकी पहले से ही प्राथमिकता रही है जो आगे भी रहेगी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की पेयजल, सड? समेत राशन तथा स्वयं सहायता समूह के आउटलेट उद्यान की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। ग्रामीणों ने कटखने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की, मामले में प्रमुख ने संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। प्रमुख ने कहा अधिकारियों का भी प्रयास होना चाहिए कि ग्राम पंचायत की खुली बैठक में प्रतिभाग करें ताकि अधिकांश ग्रामीणों की समस्या का निराकरण मौके पर ही हो और बैठकों में जाने से वहां की समस्या का बेहतर रूप से पता चलता है। बैठक में समाज कल्याण से संबंधित वृद्धावस्था तथा विकलांग से संचालित योजनाओं के प्रस्ताव पारित हुए साथ ही अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के चयन और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया। बैठक में महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए जोर दिया। जलागम विभाग के अधिकारी ने बताया कि जंतवाल गांव में कृषि उद्यान कार्य तथा उद्यान कार्य, भूमि संरक्षण के कार्य किए जाएंगे जबकि खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड से संबंधित राशन कार्ड का निरीक्षण किया। विद्युत विभाग की लो वोल्टेज की समस्या प्रमुखता से उठी। बैठक के पश्चात निर्माणाधीन मशरूम यूनिट का निरीक्षण किया जिसके निर्माण से ग्रामीणों को स्वरोजगार मिलेगा शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल, पूर्व बलॉक प्रमुख राम सिंह जंतवाल, बीडीसी अजय जंतवाल, प्रधान प्रकाश आर्य, शेखर भट्ट, कुंदन जीना, कमल जंतवाल,प्रताप सिंह, दिवान सिंह, आन सिंह, ईश्वर जंतवाल, पूर्व प्रधान रमेश राम, बिशन राम समेत बीडीओ हर्षित गर्ग, भूपाल बिष्ट , जल संस्थान हर्षित कुमार, समाज कल्याण दिनेश बिष्ट,लोनिवि के प्रवीण कुमार, संजय कुमार,सीमा रावत, लता सुयाल, जलागम से अशोक कुमार सहित अन्य ग्रामीण व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### मेधावी योगेश ने जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की



**नैनीताल** । कुमाऊं मंडल के पोखरी मनान अल्मोडा निवासी योगेश जोशी ने भौतिकी विषय में जेआरएफ में 142 स्थान हासिल किया है। योगेश की इस कामयाबी पर उनके परिजनों,शुभचिंतकों व गुरुजनों ने खुशी जाहिर कर उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### काठगोदाम में आज से जनगणना का तीन दिनी ट्रेनिंग

**नैनीताल** । नैनीताल जनपद में जनगणना 2027 का प्रशिक्षण 25 फरवरी से 27 फरवरी के मध्य सर्किट हाउस काठगोदाम में दिया जायेगा। बता दें जनगणना कार्य निदेशालय उत्तराखण्ड के निर्देशों के अनुपालन में आगामी जनगणना–2027 की तैयारियों हेतु जनपद नैनीताल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जायेगी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि सर्किट हाउस काठगोदाम में जनगणना 2027 डिजिटल डेटा संकलन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण तीनों दिवसों में पूर्वाह्न 10:30 बजे से सर्किट हाउस काठगोदाम में दिया जायेगा।

### गैरीखेत गांव में वाहन योग्य सड़क निर्माण की मांग

**नैनीताल** । नैनीताल के अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भेंजकर ग्राम गैरीखेत में वाहन योग्य सड़क निर्माण की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि उत्तराखण्ड के नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के इस गांव में आजादी के बाद से अब तक मोटर मार्ग नहीं बन पाया है जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीमार व्यक्तियों को डोली या पीठ पर लाना पड़ता है और खराब पैदल मार्ग के कारण छात्र–छात्राएं भी चोटिल हो चुके हैं। उन्होंने शीघ्र सड़क निर्माण कर ग्रामीणों को राहत देने की मांग की है।

### कुविवि कार्य परिषद सदस्य पडियार ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद एवं विश्वविद्यालय सभा के सदस्य अरविन्द सिंह पडियार ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक तथा शैक्षणिक एवं अन्य कार्यों से जुड़े पांच मांगों की लेकर कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दस वर्ष की संविदा सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों व कर्मचारियों के नियमितीकरण, प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर के रिक्त पदों पर शीघ्र चयन प्रक्रिया शुरू करने तथा सहायक प्रोफेसर व तकनीकी व प्रशासनिक रिक्तत पदों की तत्काल विज्ञप्ति जारी करने की मांग की गई है। इसके साथ ही पडियार ने महिला स्व सहायता समूहों को मेस व कैंटीन संचालन में अवसर देने तथा विश्वविद्यालय की स्वायत्ता से जुड़े मुद्दों पर कार्यपरिषद व विश्वविद्यालय सभा की बैठक बुलाने की अपेक्षा जताई गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि ये सभी कदम विश्वविद्यालय की गुणवत्ता, रैंकिंग और प्रशासनिक दक्षता के लिए आवश्यक है।

### स्टाफ हाउस वार्ड में सीसी मार्ग निर्माण की मांग

**नैनीताल** । नगर के स्टाफ हाउस वार्ड में सीसी मार्ग निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों की समस्या को उठाते हुए सभासद रमेश प्रसाद ने स्थानीय विधायक सरिता आर्या को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि वार्ड में जसपाल राम के आवास से लेकर पूर्व सभासद सागर आर्या के घर के आगे तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पहले भी पत्राचार किया जा चुका है लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने विधायक सरिता आर्या से जल्द से जल्द संबंधित विभाग को निर्देश जारी कर सीसी मार्ग निर्माण कराने की मांग की है ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।



# गुरुजनों व स्कूली बच्चों को गुलदार व बाघ के व्यवहार की जानकारी

**धारी**

हमारे संवाददाता

नैनीताल वन प्रभाग की उत्तरी गौला वन रेंज अंतर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष के लिए संवेदनशील क्षेत्र दीनी तल्ली के हाटमुंगेरो प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों को को गुलदार एवं बाघ के व्यवहार के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

बच्चों के वन्यजीवों के विषय में धारित ज्ञान को क्विज के माध्यम से भी परखा गया। इस दौरान सही उत्तर देने वाले बच्चों को नववर्ष के कैलेंडर वितरित कर प्रोत्साहित भी किया। बच्चों को अकेले विद्यालय न आने समेत घरों के आसपास की झाडियों को साफ करने समेत खाद्य वस्तुओं को खुले में न फेंकने व माता पिता को अकेले जंगल जाने से मना करने हेतु आह्वान किया गया। इसके साथ ही बच्चों को वनाग्नि की विभीषिका से परिचित कराते हुए वनाग्निकाल में वन विभाग की सहायता करने के साथ ही वनों में आग लगाने वालों की सूचना वन विभाग को देने की अपील भी की गई। इस कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी विजय चन्द्र भट्ट, अनुभाग अधिकारी पूरन चन्द्र मेलकानी समेत विद्यालय की शिक्षिकाओं के साथ ही वाहन चालक मनोज कैड़ा भी उपस्थित रहे।

# स्काउट एवं गाइड का प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान शिविर का समापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

इन्नोवेटिव स्काउट एवं गाइड ओपन ग्रुप की पहल पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास के सहयोग से पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज हल्दुचौड़ में स्काउट एवं गाइड का प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान शिविर का आयोजन किया गया चिंतन दिवस से प्रारंभ तीन दिवसीय शिविर का विधिवत समापन हो गया।

समापन में प्रधानाचार्य गणपत सिंह सैंगर ने कहा कि शिक्षणेत्तर गतिविधियों के रूप में स्काउटिंग एक अच्छी गतिविधि है। शिविर संयोजक एवं इन्नोवेटिव स्काउट ग्रुप के संस्थापक ग्रुप लीडर डॉ हिमांशु पांडे ने बताया की स्काउटिंग गतिविधियों में गतिशीलता एवं निरंतर बनाए रखने के उद्देश्य से बच्चों के लिए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन करना काफी लाभदायक रहता है। इस दौरान बच्चों को गांठे तथा बंधन एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसे जीवनोपयोगी कौशल की जानकारी दी गई साथ ही बच्चों ने स्काउट गाइड आंदोलन के इतिहास, स्काउट प्रार्थना, झंडा गीत तथा नियम तथा प्रतिज्ञा का भी अभयास किया।शिविर के आयोजन में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से इन्नोवेटिव गाइड ग्रुप की लीडर दीपा पांडे, जिला सचिव आर एस जीना, बलॉक सचिव हरीश पाठक, स्काउट मास्टर मोहित सिंह, कैलाश चंद्र सिंह, महेश जोशी आदि द्वारा योगदान दिया गया।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# विधिक साक्षरता व जगरूकता शिविर में छात्रों को दी जरुरी जानकारियां

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा व उपजिलाधिकारी व पुलिस विभाग के साथ नालसा और वेलनेस नेविगेशन योजना 2025 पर डॉ राजेंद्र प्रसाद लॉ इंस्टीट्यूट कुमाऊं विश्वविद्यालय विधिक साक्षरता व जगरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

सर्व प्रथम उपजिलाधिकारी नवाजिश खलीक द्वारा शिविर मे छात्रों को नशा उन्मूलन संबन्धित जानकारी दी गई तथा अपने अनुभव साझा किए। शिविर में सचिव द्वारा बताया गया इस योजना का उद्देश्य नशा पीड़ितों को कानूनी सहायता और पुनर्वास प्रदान करना हैए जिससे उन्हें नशामुक्त जीवन जीने में मदद मिल सके। यह योजना नशा छुड़ाने के लिए परामर्शए कानूनी सेवाएं, सरकारी योजनाओं तक पहुंच और सामाजिक समर्थन सुनिश्चित करती हैए साथ ही नशा उन्मूलन के लिए समाज में जागरूकता फैलाती है।नालसा डॉन योजना के मुखय बिंदु नशा पीड़ितों की पहचान करना तथा उन्हें नशा मुक्ति केंद्रों से जोडना और कानूनी सहायता देना। नशा मुक्ति के दौरान पीड़ितों को निश्शुल्क वकीलए कोर्ट फीस और कानूनी सलाह प्रदान करना।नशा छोडने के बाद पीड़ितों को समाज में मुख्यधारा से जोडने में मदद करना है। शिविर में छात्र छात्राओं को एनडीपीएस एकट के बारे बताया गया।शिविर में एच0ओ0डी0 सुरेश चन्द पांडे समेत डॉ. कविता,डॉ सागर सिंह,एएस0आई0अंजुला जॉन तथा यशवंत कुमार मौजूद रहे।

# उपनल के संविदा कर्मचारियों के मामले में हाईकोर्ट गंभीर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ हल्द्वानी की अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद संघ द्वारा पेश किये गए प्रार्थना पत्र के आधार पर न्यायमूर्ती अलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने सचिव वित्त व सचिव कार्मिक को पक्षकार बनाते हुए उन्हें नोटिस जारी कर उनसे पूर्व मे दिए गए निर्णय का अनुपालन न करने के आधार पर अपना जवाब पेश करने को कहा है साथ में कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 मार्च (बीरवार) की तिथि नियत की है।

बता दें नवंबर 2025 को हुई सुनवाई पर संघ की तरफ से कोर्ट के सामने कहा गया कि नंवबर 2025 मे कोर्ट ने कहा था कि खंडपीठ के द्वारा पारित आदेश का अनुपालन अभी तक राज्य सरकार ने नहीं किया और राज्य का प्रशासन उस आदेश का अनुपालन करने में अपनी अभी भी असमार्थता जता रहा है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि उपनल कर्मचारियों को पहले समान कार्य समान वेतन दिया जाय, उनके वेतन पर लगने वाले जीएसटी को न वसूला जाय और उन्हें नियमितीकरण की प्रक्रिया अपनाई जाय लेकिन कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने के बाद भी सरकार ने जो हलफ नामा पेश किया वह उच्च न्यायलय के आदेश के विपरीत है।

प्रार्थना पत्र में मुखय मंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रार्थना की गयी है कि उच्च न्यायलय के आदेशों का अनुपालन करवाया जाय, आदेश होने के बाद यदि संबंधित अधिकारी 2025 की नियमावली का अनुपालन नहीं करते हैं तो पूरा उपनल कर्मचारी संघ इस नीति के खिलाफ है। इस प्रकरण पर मुखय मंत्री का संज्ञान लेना अति आवश्यक है। मामले के अनुसार मंगलवार को संविदा कर्मचारी संघ के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष वाद को मेंशन करते हुए कहा कि पूर्व मे कोर्ट की खंडपीठ ने उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण के सबंध में एक आदेश जारी किया था लेकिन इस आदेश पर अब तक राज्य सरकार की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया, न ही इसे उच्च न्यायलय के रिकॉर्ड में लाया गया है । पूर्व में संघ की ओर से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस अवमानना याचिका पर (उत्तराखंड उपनल कर्मचारी संघ बनाम आनन्द बर्धन मुखय सचिव उत्तराखंड) की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की मांग की गयी थी।

# अभिमत

## राष्ट्रीय आचरण

*राष्ट्रगीत में मातृभूमि की प्रशंसा और राष्ट्रप्रेम की भावना निहित है। केवल गाने और सुनने तक ही राष्ट्रगीत का सम्मान सीमित नहीं है, राष्ट्रगीत के शब्दों के भावार्थ को आचरण में अपनाना होगा। सिनेमा हाल में फिल्म के खत्म होने पर पर्दे पर राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए राष्ट्रगान बजता था। दर्शक सावधान की अवस्था में खड़े होकर न तो राष्ट्रगान को अपने मुहं से बोलते थे और न ही पूरा राष्ट्रगान सुनते थे। सिनेमा हाल से बाहर निकल जाते थे। इसीलिए राष्ट्रगीत को सिर्फ आधिकारिक आयोजनों में अनिवार्य किया गया है।*

सरकार की नीतियों और निर्णय का लाभ लेना सभी चाहते हैं। संविधान के अंतर्गत अधिकार मिलने का दावा भी किया जाता है। अधिकार के साथ दायित्व एवं कर्तव्य का बोध होना जरूरी है। राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रगीत के छह छंदों को बजाना तथा गाया जाना आधिकारिक अवसरों पर अनिवार्य कर दिया है। राष्ट्रगीत में मातृभूमि की प्रशंसा और राष्ट्रप्रेम की भावना निहित है। केवल गाने और सुनने तक ही राष्ट्रगीत का सम्मान सीमित नहीं है, राष्ट्रगीत के शब्दों के भावार्थ को आचरण में अपनाना होगा। सिनेमा हाल में फिल्म के खत्म होने पर पर्दे पर राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए राष्ट्रगान बजता था। दर्शक सावधान की अवस्था में खड़े होकर न तो राष्ट्रगान को अपने मुहं से बोलते थे और न ही पूरा राष्ट्रगान सुनते थे। सिनेमा हाल से बाहर निकल जाते थे। इसीलिए राष्ट्रगीत को सिर्फ आधिकारिक आयोजनों में अनिवार्य किया गया है। राष्ट्रगीत जब तक पूरा हो, खड़े होकर पूरा सम्मान मिलने की उम्मीद की जा रही है। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रगीत से प्रेरणा लेकर अनगिनत लोग स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए थे। आजादी के बाद स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के त्याग को भुला दिया गया। राजनीतिक क्षेत्र और प्रशासनिक तंत्र से जुड़े लोगों में यदि राष्ट्रीयता की भावना हो तो भ्रष्टाचार के साथ देश की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है। राष्ट्रीयता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का अभाव हर तरफ नजर आता है। कुछ साल पहले राष्ट्र ध्वज तिरंगे को स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर सरकारी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में फहराने का नियम था। सूर्यास्त से पहले ससम्मान राष्ट्र ध्वज को उतारना होता था। अब राष्ट्र ध्वज को कोई भी अपने घर पर फहरा सकता है। नियमों की जानकारी के अभाव में राष्ट्र ध्वज के सम्मान का पालन नहीं हो रहा है। वाहनों में खंडित ध्वज लगा रहता है। प्लास्टिक के ध्वज सड़क पर गिरे मिल जाते हैं। राष्ट्रगान स्कूलों में होता है। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रगान का सम्मान होता है और यह प्रशंसनीय है। राष्ट्रगीत का सम्मान भी शिक्षण संस्थान में होगा। आधिकारिक आयोजनों में सम्मान का पता नियम के लागू होने के बाद लगेगा। राष्ट्रगीत को कंठस्थ करने का नियम सरकार नहीं बना सकती है। राष्ट्रीयता की भावना वाले स्वतः याद करेंगे। अधिकतर जनप्रतिनिधियों को राष्ट्रगान भी याद नहीं है।

# फागोत्सव:महिला होल्यारों ने मचाई धूम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा दस दिवसीय 300वें फ ागोत्सव के तहत मंगलवार को सभी महिला होलियारो की टीमों द्वारा अपनी-अपनी होली का मंचन किया गया। इस दौरान सभा परिवार की ओर से प्रत्येक टीम को पुरुस्कार देकर सममानित किया गया।

बता दें मंगलवार को 15 महिला टीमों ने मंचन में प्रतिभाग किया। फागोत्सव के कार्यक्रम का संचालन हेमंत बिष्ट (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त) समेत श्रीमती मीनाक्षी कीर्ति व सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपाध्यक्ष अशोक शाह, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू, राम सेवक सभा के सदस्य मोहित लाल साह, देवेंद्र लाल साह, प्रो. ललित तिवारी, भीम सिंह कार्की, कैलाश बोरा, राजेंद्र सिंह बजेठा, गिरीश भट्ट, मिथिलेश पांडे, ललित मोहन साह, गिरीश जोशी, हीरा सिंह रावत, गोधन सिंह बिष्ट तथा आनंद सिंह बिष्ट समेत कई लोगों ने भाग लिया। दूसरी ओर अब फ ागोत्सव में बुधवार (आज) को महिला बैठकी होली का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



## साह-चौधरी समाज का होली मिलन समारोह 1 को

**नैनीताल** । रंगो का त्यौहार होली के शुभ अवसर पर साह चौधरी समाज नैनीताल द्वारा 1 मार्च (रविवार) को तृतीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी मोहित लाल साह ने बताया कि 1 मार्च को साह.चौधरी समाज नैनीताल द्वारा दोपहर 12 बजे से लाला परमा शिव लाल साह धर्मशाला तल्लीताल नैनीताल में तृतीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संखया में होली मिलन समारोह में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## 85 आवासीय भवन मानचित्रों की स्वीकृति निर्गत

**नैनीताल** । जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण नैनीताल द्वारा विकास भवन सभागार भीमताल में नैनीताल, भीमताल तथा भवाली एवं मुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत प्राप्त होने वाले भवन मानचित्रों के निस्तारण हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में नैनीताल, भीमताल, भवाली एवं मुक्तेश्वर क्षेत्र के 85 आवासीय भवन मानचित्रों की स्वीकृति निर्गत की गयी है जिसमें से 04 व्यवसायिक भवन मानचित्र हैं, इसके अतिरिक्त 21 भवन मानचित्रों में डिजिटल सिग्नेचर जारी करते हुये मानचित्र निर्गत किये गये।

उक्त के अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी में 23 भवन मानचित्रों की स्वीकृति निर्गत की गयी तथा 14 भवन मानचित्रों में डिजिटल सिग्नेचर जारी करते हुये मानचित्र निर्गत किये गये। शिविर में सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुकल सहित विभिन्न विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# होली आई रे कन्हाई, होली आई रे...पर लगाए ठुमके

नैनीताल में होली



**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

होली पर्व नजदीक आते ही नगर होली के रंग में रंगने लगा है। जगह-जगह होली गायन शुरू हो गया है। महिलाओं के भी सामूहिक होली गायन आयोजन हो रहे हैं। मां नंदा सर्व दलीय महिला समिति की ओर से मंगलवार को नंदा देवी मंदिर परिसर में आयोजित महिला होलिकोत्सव में महिलाओं ने होली गायन कर धमाल मचाया। महिलाएं पारंपरिक होली के परिधान में सजकर नंदादेवी मंदिर परिसर पहुंचीं। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। महिलाओं ने जहां खड़ी होली गायन से धमाल मचाया वहीं बैठकी होली की भी शानदार प्रस्तुत दी। महिलाओं ने हो रही जै जै कार ओ नंदा मैय्या तेरे भवन में.., तुम क्यों ना आए श्याम.., नगर में धूम मची है.., होली आई रे कन्हाई होली आई रे..., कैसी बंसिया बजाई मोरे कान्हा ने..., नंद लाल मोरी बय्या न पकड़ो ...आदि होली गीतों से रंग जमाया। महिलाओं ने शास्त्री संगीत, राग आधारित भक्ति और श्रृंगार रस की होली गीतों पर नृत्य कर ठुमके लगाए। समिति की अध्यक्ष मीना भैसोड़ा, सचिव गीता मेहरा ने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। वहां उपाध्यक्ष भगवती बिष्ट, कोषाध्यक्ष माया वर्मा, उप सचिव लक्की वर्मा, किरन साह, गीता आर्य, हेमा जोशी, गीता पांडे, ज्योति रावत, राधा राजपूत, मोहन कनवाल, गीता बिष्ट, प्रेमा बिष्ट, विमला बोरा, शीला पंत आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## नैनीताल में विक्रांत मैसी और मानुषी छिल्लर ने की स्कूटर राइड




*मानुषी छिल्लर और विक्रांत मैसी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यह एक बीटीएस वीडियो है। मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर की बॉलीवुड में अब तक की जर्नी काफी निराशाजनक रही है। मानुषी के खाते में अब तक एक भी हिट फिल्म नहीं है। हालांकि, उन्हें काम लगातार मिल रहा है। इन दिनों मानुषी छिल्लर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो नेशनल अवॉर्ड विनर एक्टर विक्रांत मैसी के साथ शूटिंग करती नजर आ रही हैं। हालांकि, अब तक प्रोजेक्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इसलिए अभी ये कंफर्म नहीं है कि ये किसी फिल्म की शूटिंग या कोई एड या कुछ और है।*

*सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो नैनीताल का बताया जा रहा है। सेट से वायरल हो रहे वीडियो में मानुषी और विक्रांत एक स्कूटर की सवारी करते नजर आ रहे हैं। मानुषी स्कूटर चला रही हैं, जबकि विक्रांत पीछे बैठे नजर आ रहे हैं। पीले रंग के स्कूटर पर मानुषी सफेद रंग के टॉप और नीले और सफेद रंग के फ्लोरल लॉन्ग स्कर्ट में नजर आ रही हैं। जबकि विक्रांत पिंक जैकेट और ब्लू जींस में दिख रहे हैं। पीछे बैठे विक्रांत हरे रंग का हेलमेट भी लगाए हुए हैं। वीडियो में बंदूकें रखी भी नजर आ रही हैं।*

### पहली बार बनेगी जोड़ी

*हालांकि, अभी तक विक्रांत और मानुषी के किसी प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन अगर ये कोई फिल्म है, तो ये जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आएगी। देखने वाली बात ये भी होगी कि फिल्म नैनीताल की पृष्ठभूमि पर आधारित कोई रोमांटिक ड्रामा होगी या फिर नैनीताल सिर्फ फिल्म का हिस्सा है।*

# हाईकोर्ट ने दून की मस्जिद सील करने के आदेश को चुनौती वाली याचिका को किया खारिज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा देहरादून की एक मस्जिद सील करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति निर्माण करने वाले व्यक्ति या संस्था को अनुच्छेद 226 के तहत राहत नहीं दी जा सकती.मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में हुई ।

याचिकाकर्ता जामा मस्जिद सोसायटी थाना देहरादून ने एमडीडीए द्वारा 13 फ रवरी 2026 को जारी उस नोटिस को निरस्त करने की मांग की थी जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून को मस्जिद को सील करने हेतु पुलिस सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिए गए थे।याचिका में यह भी प्रार्थना की गई थी कि जब तक सोसायटी को नियमानुसार कंपाउंडिंग मानचित्र प्रस्तुत करने का अवसर न दिया जाए तब तक किसी प्रकार की दंडात्मक या जबरन कार्रवाई न की जाए। मामले की सुनवाई के दौरान यह तथ्य स्वीकार किया गया कि याचिकाकर्ता ने विवादित निर्माण के लिए मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण से कभी कोई अनुमति प्राप्त नहीं की, साथ ही यह भी माना गया कि निर्माण के लिए कंपाउंडिंग मानचित्र के लिए भी कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया था।न्यायालय ने कहा कि जो व्यक्ति स्वयं कानून का उल्लंघन कर रहा हो वह न्यायालय में राहत की अपेक्षा नहीं कर सकता। बिना अनुमति निर्माण कर बाद में न्यायालय से संरक्षण मांगना विधि के सिद्धांतों के विपरीत है। अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता सोसायटी स्वयं डिफ ॉल्टर है और न्यायालय किसी भी अवैध निर्माण को संरक्षण देने का माध्यम नहीं बन सकता। इस आधार पर याचिका को प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज कर दिया गया,हालांकि न्यायालय ने यह छूट दी कि यदि याचिकाकर्ता चार सप्ताह के भीतर अवैध निर्माण के कंपाउंडिंग हेतु संबंधित प्राधिकरण के समक्ष आवश्यक अभिलेखों सहित आवेदन प्रस्तुत करता है तो मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण चार सप्ताह के भीतर उत्तर प्रदेश शहरी नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 ( जो उत्तराखंड में लागू है) के प्रावधानों के अनुसार उस पर विचार करेगा। इसके साथ ही लंबित प्रार्थना पत्र भी निस्तारित कर दिए गए।

## News कॉर्नर

### छत में गए युवक को लगा करंट,हुआ घायल



**नैनीताल** । नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक किसी काम से अपने घर की छत पर गया था जहां पर उसे बिजली के पोल से करंट का झटका लगने से वह गिर गया और चोटिल हो गया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉ. मोनिका कांडपाल ने बताया कि तल्लीताल निवासी 42 वर्षीय कमल पांडे अपने घर की छत पर कुछ काम करने के दौरान करेंट का झटका लगने से गिरकर चोटिल हो गया था। जिसे अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। मरीज से सिर पर चोट आई थी और टांके लगाए गए हैं। करंट लगने के चलते मरीज को 24 घंटे के लिए अस्पताल में आब्जर्वेशन के लिए भर्ती होने की सलाह दी गई थी लेकिन वह स्वेच्छा से घर चले गए हैं।

### नैनीताल में 250 छात्र-छात्राओं ने दी प्री -पीएचडी की परीक्षा

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र डीएसबी परिसर में मंगलवार को प्री-पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षाएं आयोजित की गयी जिसमें 250 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। परीक्षा प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि परिसर में 11 बजे से 2 बजे तक प्री पीएसडी वर्क परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें पंजीकृत सभी 250 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी इसके तहत भौतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिंदी, भूगोल आदि की परीक्षा आयोजित की गयी।

# अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, 20 दुकानदारों के काटे चालान

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा में होली से पहले बाजारों में बढ़े अतिक्रमण पर नगर निगम ने अभियान चलाकर 20 दुकानदारों के चालान काटे और सख्त चेतावनी दी। अल्मोड़ा में होली नजदीक आते ही नगर के बाजारों में अतिक्रमण बढ़ गया है। नगर निगम की टीम ने बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए मंगलवार से अभियान शुरू कर दिया है। टीम ने मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाया। 20 दुकानदारों का चालान काटा। उन्हें अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। तहबाजारी नियमों के मुताबिक संकरे रास्ते को छोड़कर अन्य स्थानों पर व्यापारी



पक्की दुकान से आगे पटरी पर दो फिट से अधिक जगह पर सामान नहीं लगा सकते हैं। लाला बाजार, चौक बाजार, कारखाना बाजार, कचहरी बाजार, थाना बाजार समेत अन्य बाजारों में लोगों की काफी भीड़ रहती है। दुकानों के आगे फैलाए गए सामान से मार्ग संकरा हो जाता है। इस कारण लोगों को आवाजाही के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दोपहिया वाहन और लावारिस जानवरों के घुस आने पर समस्या और भी बढ़ जाती है। निगम की पिछले दिनों हुई बैठक में नागरिकों ने नगर की बाजारों से अतिक्रमण हटाने का मामला प्रमुखता से उठाया था। नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने नगर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया।

टीम ने पक्की दुकान के बाहर दो फिट से अधिक दूरी तक लगाए सामान को हटाया और दुकानदारों से नकद जुर्माना वसूला। दुकानों के आगे निशान लगाकर व्यवसायियों को इससे आगे सामान नहीं लगाने की चेतावनी दी। अतिक्रमण, गंदगी करने पर 20 व्यापारियों के चालान काटे गए। नगर निगम की टीम आने से व्यापारियों में खलबली मच गई। आनन फानन व्यापारियों ने दुकान के आगे लगाए सामान को समेट लिया। अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम में सहायक नगर आयुक्त लक्ष्मण सिंह भंडारी, मुकेश भंडारी, पवन पांडे, मनोज मिश्रा, बसंत बल्लभ पांडे, मनोज मिश्रा, अशोक राम आदि शामिल थे।

# पुलिस ने 300 नशीले इंजेक्शन के साथ तस्कर को दबोचा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

डॉ. मंजुनाथ टीसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के निर्देशन में जनपद को नशामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मिशन नशामुक्त उत्तराखण्ड को साकार करने की दिशा में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अवैध नशीले इंजेक्शन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए एस पी सिटी मनोज कुमार कत्याल एवं अमित कुमार (क्षेत्राधिकारी ) के पर्यवेक्षण में तथा ब्रजमोहन सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान सुभाषनगर बैरियर, लालकुआं क्षेत्र से अभियुक्त मौ. रफी पुत्र शकील अहमद, निवासी वार्ड नंबर 14, उजालानगर बनभूलपुरा, जनपद



नैनीताल को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कुल 300 अवैध नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है एस पी सिटी मनोज कत्याल ने बताया पकड़ा गया आरोपी काफी शातिर किस्म का है और जयपुर में भी जेल जा चुका है उसके खिलाफ उधम सिंह नगर की इच्छा में नशीली इंजेक्शन की तस्करी का मुकदमा दर्ज है। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी तस्कर पुलिस को बताया कि वह उक्त इंजेक्शन बहेड़ी फाटक, बरेली निवासी एक व्यक्ति से खरीदकर लाया था। इस आधार पर मामले में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट की बढ़ोत्तरी कर संबंधित व्यक्ति की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। सफलता पाने वाली टीम में उ0नि0 शंकर नयाल, का0 गणेश गिरी, कुवेर राणा, सन्तोष विष्ट (एसओजी) भूपेन्द ज्येष्ठा (एसओजी) एसपी सिटी मनोज कत्याल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नशा तस्करी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# एआई सम्मेलन भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्यः कांग्रेस

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बुध्द पार्क में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला नैनीताल द्वारा एआई सम्मेलन में कांग्रेस द्वारा भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाल कृत्य के विरोध में बहनों ने विरोध प्रदर्शन किया ।

जिसमें जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कंचन उप्रेती ने कहा कि देश में इतना बड़ा आयोजन हुआ जिसमें कई राष्ट्रअध्यक्ष शामिल हुये थे। कांग्रेस द्वारा ऐसे कार्यक्रम का विरोध कर अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई है जो निंदनीय है। देश की जनता को कांग्रेस की मानसिकता को समझना होगा।

कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, कुमाऊँ सहसंयोजक अल्का जीना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, राशी जैन, आभा गोस्वामी, मुन्नी बिष्ट, मंडल अध्यक्ष गुंजन सदाना, मंडल अध्यक्ष बसंती महरा, मंडल अध्यक्ष गंगा साह, रैनू टंडन, दीपा सनवाल, तरन्नुम खान, सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



# अदालत ने हत्या के आरोपी को हत्या का दोषी ठहराया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**फैसला**

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल प्रशांत जोशी की अदालत ने सुनाया फैसला

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल प्रशांत जोशी की अदालत ने अपनी धार्मिक पहचान छुपाकर हिन्दू लड़की से शादी करने व लड़की को जन्मदिन पार्टी के बहाने नैनीताल घुमाने लाकर एक होटल में हत्या करने के आरोपी को हत्या का दोषी ठहराया है जिसे 26 फ रवरी को सजा सुनाई जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार गाजियाबाद निवासी युवक इमरान उर्फ ऋषभ ने अपनी पहचान छुपाकर छिपाकर दीक्षा के साथ जान पहचान बनाई और उसके साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ शादी की । लेकिन बाद में असलियत पता चलने पर उसने दीक्षा के साथ जबरन निकाह भी किया ।



15 अगस्त 2021 को इमरान उर्फ ऋषभ अपनी पत्नी दीक्षा व अपने दोस्त अल्मास व उसकी पत्नी श्वेता शर्मा के साथ नैनीताल आये । 15 अगस्त को दीक्षा का जन्मदिन था । उसी रात माल रोड के एक होटल में इमरान उर्फ ऋषभ ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और वह पत्नी का मोबाइल सहित नैनीताल से फ रार हो गया । इमरान के साथ आये श्वेता व अल्मास जो कि उसी होटल के दूसरे कमरे में रुके थे ने अगले दिन सुबह कमरे में दीक्षा को मृत देखा और पुलिस को घटना की जानकारी दी । श्वेता शर्मा की रिपोर्ट के आधार पर इमरान के खिलाफ मल्लीताल कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था और बाद में आरोपी इमरान गिरफतार हया था ।

उक्त मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा द्वारा कुल 17 गवाहों के बयान दर्ज कराये तथा अभियोजन द्वारा केन्द्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला चण्डीगढ़ के डाकटरों को भी घटनास्थल से लिये डी0वी0आर0 को साबित करने हेतु न्यायालय में पेश किये। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल प्रशान्त जोशी द्वारा अभियुक्त ऋषभ तिवारी उर्फ इमरान को दोषी करार कर न्यायिक हिरासत में जेल भिजवाया है ।

### आज अधिवक्ता परिषद उच्च न्यायालय इकाई का रक्तदान शिविर

**नैनीताल** । अधिवक्ता परिषद उच्च न्यायालय इकाई द्वारा बुधवार (आज)को प्रात:11 बजे0 से हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अधिवक्ता परिषद के समस्त सदस्यों समेत हाईकोर्ट के समस्त अधिवक्ता तथा हाई कोर्ट में कार्यरत स्टाफ व अन्य व्यक्ति भी आमंत्रित किए गए हैं कि वह स्वेच्छा से अपना रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों की मदद में सहयोग कर सकते हैं।

# युवक गंभीर घायल, कार चालक के खिलाफ तहरीर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

थाना काठगोदाम क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम व पोस्ट हरतोला, तहसील व जिला नैनीताल निवासी मोहन सिंह रावत ने अपने भाई सोबन सिंह के साथ हुई दुर्घटना के संबंध में थानाध्यक्ष काठगोदाम को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

तहरीर के अनुसार सोबन सिंह पुत्र स्वर्गीय बिशन सिंह सड़क किनारे पैदल चलते हुए गोविन्दग्राम गौलापार की ओर जा रहे थे।

शाम लगभग 7 बजे जब वह आई.डी.बी.आई. बैंक, खेड़ा (गौलापार) के पास पहुंचे, तभी काठगोदाम की ओर से आ रही मारुति अर्टिगा कार संख्या यूके 06 बीएम 3260 के चालक पंकज सिंह राणा ने वाहन को तेज गति, लापरवाही एवं उत्तेजनापूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित चोरगलिया की ओर फरार हो गया। बताया गया है कि थाना चोरगलिया पुलिस ने उक्त मारुति अर्टिगा वाहन को कब्जे में ले लिया है। दुर्घटना में सोबन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गौलापार निवासी अर्जुन सिंह बिष्ट द्वारा तत्काल उपचार हेतु सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए विवेकानन्द अस्पताल रेफर किया गया। वर्तमान में उनका उपचार चल रहा है। प्रार्थी मोहन सिंह रावत ने कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस कर चालक की तलाश कर रही है।

# पांच हजार मीटर दौड़ में सौरभ और सोनी पहले स्थान पर

**पंतनगर**

हमारे संवाददाता

5000 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में कुमाऊं विवि नैनीताल के सौरभ रावत प्रथम, एसएसजे विवि अल्मोड़ा के पंकज सिंह बोरा दूसरे और श्रीदेव सुमन विवि टिहरी गढ़वाल के मोहित तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में एसएसजे विवि अल्मोड़ा की सोनी पहले, उत्तराखंड संस्कृत विवि हरिद्वार की मनीषा दूसरे और श्रीदेव सुमन विवि टिहरी गढ़वाल की सिमरन तीसरे स्थान पर रहीं।

शॉटपुट के पुरुष वर्ग में उत्तराखंड संस्कृत विवि हरिद्वार के योगेश पहले, एसएसजे विवि अल्मोड़ा के मोहित दूसरे और श्रीदेव सुमन विवि टिहरी ग ?वाल के आदर्श चंद्र तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में एसएसजे विवि अल्मोड़ा की भावना पहले, नीतू चंद्रा दूसरे और उत्तराखंड संस्कृत विवि हरिद्वार की रिया पाल तीसरे स्थान पर रहीं। लंबी कूद के पुरुष वर्ग में उत्तराखंड आयुर्वेद विवि देहरादून के अविश सैनी पहले, एसएसजे विवि अल्मोड़ा के दीपक चंद्र दूसरे और उत्तराखंड संस्कृत विवि हरिद्वार के आकाश चौहान तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में उत्तराखंड संस्कृत विवि हरिद्वार की पूजा रावत पहले, एसएसजे विवि अल्मोड़ा की लक्ष्मी रावत दूसरे और कुमाऊं विवि नैनीताल की कोमल राय तीसरे स्थान पर रहीं।



### स्थान परिवर्तन

हमारी संस्था समाज सुधार सेवा समिति का पुराना पता Beora, post office-kathgodam, tehsil, haldwani, district-Nainital था अब नया पता नीलियम कॉलोनी, बिरला कॉलेज, छड़ायल सुयाल डहरिया हल्द्वानी, नैनीताल है, यदि किसी व्यक्ति विशेष को इस संबंध में आपत्ति है तो विज्ञप्ति को 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति फर्म पंजीकरण कार्यालय हल्द्वानी जिला नैनीताल में दर्ज करें। - **सचिव कल्पित मेहरा, समाज सुधर सेवा समिति**

ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।
www.uttaranchaldeep.com